फोटो पहचान कर्ता [illegible]

भारतीय ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत पंजीकृत ट्रस्ट डीड

मै अवनीश कुमार पुत्र नर्वदेश्वर, निवासी–अवलेशपुर कन्दवी शिवपुर, जिला–वाराणसी एवं विशाल पुत्र जगदीश उपाध्याय, निवासी–ग्राम ओदरपुर, महमदपुर, तह0–जलालपुर, जिला अम्बेडकरनगर का हूँ। हमारी बड़ी ही हार्दिक इच्छा है की एक ट्रस्ट कायम करें। जिससे समाज सेवा एवं शिक्षा का उत्थान हो सके एवं ग्रामीण परिवेश के बच्चो का बौद्धिक, व्यक्तित्व विकास हो सके और लोगों में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, स्वच्छता, समानता का विकास हो सके तथा अपनी सामान्य दिनचर्या को समयानुकूल बनाकर सदैव स्वस्थ्य एवं कुशाग्र बनु। जिसके लिये हम अक्सर गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा एवं परामर्श किया करते है। इसलिए हमने अपनी इच्छाओं की पूर्ति हेतु **मंगला नर्वदेश्वर जन सेवा ट्रस्ट** के नाम से ट्रस्ट बनाने का संकल्प लिया है। मैं आज दिनांक 22-07-2021 को इस ट्रस्ट की घोषणा करता हूँ। हम सभी ट्रस्टीज ने इस शुभ काम के लिए मुबलिग– **5000/रू0 (पॉच हजार रूपया)** इस ट्रस्ट को समर्पित किया है। जो इस ट्रस्ट की स्थायी निधि होगी। इस ट्रस्ट मे कोई चल–अचल सम्पत्ति समाहित नही है। इस ट्रस्ट का नाम, कार्यालय, उद्देश्य, कार्यक्षेत्र एंव कार्यविधि निम्न प्रकार होगी।

1. ट्रस्ट का नाम : **मंगला नर्वदेश्वर जन सेवा ट्रस्ट,**
2. ट्रस्ट का पता : ग्राम उदयपुर महमूदपुर, पोस्ट शिवपाल, तहसील जलालपुर, जिला अम्बेडकरनगर, पिन–224149
3. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण भारत वर्ष।
4. ट्रस्ट का उद्देश्य एवं लक्ष्यः–
   1. ट्रस्ट द्वारा गरीब और अनाथ बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा की निःशुल्क व्यवस्था करना एंव पोषण एवं प्रशिक्षण देना।
   2. ट्रस्ट द्वारा माध्यमिक एंव केन्द्रीय विद्यालय आदि का संचालन एंव प्रबन्ध करना।
   3. ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के प्रति पूर्ण रूझान, लगन और उत्साह पैदाकर साक्षरता अभियान को सफल बनाने में सरकार का सहयोग करना।
   4. ट्रस्ट द्वारा शैक्षिक नैतिक एंव सामाजिक स्तर के सुधार हेतु ज्ञानवर्धक पुस्तकों का भण्डारण करना तथा उसके माध्यम से लोगो में जागृति का संचार करना।
   5. ट्रस्ट द्वारा वृद्ध असहाय तथा अक्षम महिलाओं एंव पुरूषों हेतु वृद्धाश्रम, संरक्षण गृह आदि की स्थापना एंव संचालन करना।
   6. ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण का प्रयास करना। नदियो जलाशयो की सफाई मलिन बस्ती का सुधार, वृक्षारोपण आदि के कार्यक्रम चलाना।
   7. ट्रस्ट द्वारा ग्राम्य विकास के लिए कार्य करना कमजोर एंव निर्बल वर्गो को निःशुल्क आवास की व्यवस्था ऊसर भूमि सुधार कार्यक्रम चलाना और भूमि संरक्षण का प्रयास करना।

Awanish Kishal